आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484





# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :441 पृष्ठ -4 दिनांक 01 अप्रेल 2025 दिन मंगलवार

## यूपी में 1 अप्रैल से 5 बड़े बदलाव, होटल में खाने से सड़क पर चलने तक पर ढीली करनी होगी जेब




1 अप्रैल 2025 से नया वित्तीय वर्ष शुरू होगा. इस दिन से उत्तर प्रदेश में 5 बड़े बदलाव होंगे. राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल बढ़ने से लेकर मनरेगा तक में अहम बदलाव होंगे. इसका असर राज्य भर में पड़ेगा. टोल टैक्स, जीएसटी से लेकर मन. रेगा में फेस रीडिंग तक... इन बदलावों से नए वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रदेश में कारोबार से लेकर आम आदमी की जेब और सरकार की कमाई पर वृहद असर पड़ने के आसार हैं.आधी रात से बढ़ जाएगा टोल टैक्स– यूपी में पहले बदलाव के तहत लखनऊ, नवाबगंज, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली के रास्ते जाने वाली गाड़ियों पर टोल टैक्स बढ़ जाएगा. इन रूट्स पर चलने वाली लगभग 10 लाख गाड़ियों पर 5 रुपये से 10 रुपये तक का टोल बढ़ेगा.हर 6 महीने में दाखिल करना होगा रिटर्न– दूसरे बदलाव के तहत एक अप्रैल से यूपी में उन सभी कंपनियों को हर 6 महीने पर जानकारी देनी होगी जो एमएसएमई से खरीद करते हैं. उन्हें यह बताना होगा कि खरीद के 45 दिन के भीतर कितनी खरीद का पेमेंट कर दिया. इसके अलावा एमएसएमई को भी यह बताना होगा कि कितने माल की खरीद हुई, कितना बकाया है और पेमेंट न होने की क्या वजह रही.मनरेगा में फेस रीडिंग– तीसरे बदलाव की बात करें तो यूपी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गा. रंटी अधिनियम के तहत और अधिक पारद. र्शिता लाने और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए यूपी में अब फेस रीडिंग से अटेंडेंसस लगेगी. यूपी के 491 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था लागू होगी . राज्य के 491 ग्राम पंचायतों में 1.56 लाख मजदूर हैं जो मनरेगा के तहत काम करते हैं. अब एक मोबाइल एप के जरिए उनकी अटेंडेंस लगेगी.जीएसटी के नियमों में बदलाव– चौ. थे बदलाव के तहत यूपी में 1 अप्रैल से जीएसटी के नियमों में बदलाव होगा. टैक्स चोरी को रोकने के लिए अब हर साल 10 करोड़ रुपये टर्नओवर वाले कारोबारियों को इनवाइस जारी होगी. 30 दिन बीतने के बाद इनवाइस जारी नहीं हो पाएगी. सेवाओं और वस्तुओं पर जीएसटी– पांचवें की बात करें तो यूपी के बड़े होटल्स में अगर आप 7500 रुपये से ज्यादा किराए वाले कमरे में रह रहे हैं तो उसके रेस्तरां में भोजन करने पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा. वहीं नॉर्मल इवी पर 12 के बजाय 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा. यह नियम उन कंपनियों पर भी लागू होगा जो सेकेंड हैंड कार बेचते हैं.

### वाराणसी में गंगा घाट पर अब फ्री में नहीं कर पाएंगे कार्यक्रम! . चुकानी होगी फीस, नगर निगम ने तय किए नियम

वाराणसी के गंगा घाट पर आयोजित होने वाली किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक आयोजन के लिए अब नगर निगम को शुल्क देना होगा. इसके अलावा नगर निगम से निर्धारित अवधि के पहले अनुमति भी लेनी होगी. हालांकि इन सबके बीच घाट पर नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की अनुमति और शुल्क वाले इस नए नियम में शामिल नहीं किया गया है. वाराणसी के 84 से अधिक घाटों पर अलग–अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम, फिल्म की शूटिंग, सामाजिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किए जाते रहे हैं. नमो घाट और निर्धारित कुछ घाट के अलावा ज्यादातर घाट पर वर्तमान समय में कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है. एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान वाराणसी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी के गंगा घाट पर 7 किलोमीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्र के लिए बैठक के दौरान अब नए नियम तय किए गए हैं. इन नियमों के तहत नियमित होने वाली गंगा आरती को छोड़कर किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक आयोजन के लिए



अब वाराणसी नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा. इसके अलावा जिला प्रशासन सर्किल रेट 880 रुपया ्.मीटर के हिसाब से शुल्क भी देना होगा. वहीं घाट पर ऐसे किसी भी आयोजन के लिए 15 दिन पहले ही स्मार्ट काशी एप पर आवेदन कर अनुमति लेनी होगी. इसी ऑनलाइन माध्यम से लोगों को अनुमति प्राप्त होगी. वाराणसी नगर निगम का कहना है कि इस नए नियम को घाटों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने और वहां के आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है. संभवत: आने वाले 5 से 6 दिनों में इस व्यवस्था को वाराणसी के घाटों पर लागू कर दिया जाएगा. जिसके बाद इन घाटों पर किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए शुल्क चुकाना होगा.

### ईद : लखनऊ सहित पूरे अवध में पढ़ी गई नमाज, ईदगाह पर पहुंचे डिप्टी सीएम सहित अलग–अलग दलों के नेता

आज ईद का त्योहार पूरे भारत में मनाया जा रहा है। रविवार को चांद दिखने के बाद ईद मनाए जाने की घोषणा की गई थी। लखनऊ में भी सोमवार को ईद मनाने की घोषणा हुई। लखनऊ की अलग–अलग मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जा रही है। ऐशबाग में होने वाली मुख्य नमाज में महिलाओं ने भी नमाज अदा की। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी पहुंचे और सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

### सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी ईद की बधाई, बोले– अमन–चौन और सौहार्द का संदेश देता है ये त्योहार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को ईद की बधाई और शुभक. ामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार अमन–चौन और सौहार्द का संदेश देता है।ईद पूरे देश में सोमवार को मनाई जाएगी। रविवार की शाम को अलग–अलग कमेटियों ने चांद देखने की तस्दीक की। इसके साथ ही सोमवार को ईद का त्योहार मनाए जाने का एलान कर दिया गया।इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेप्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ईद उल फित्र का त्योहार खुशी और मेल–मिलाप का संदेश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है।उन्होंने कहा कि यह पर्व अमन–चौन और सौहार्द का संदेश देता है। ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव और सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

### नवरात्रि के चौथा दिन



चैत्र नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी।

## यूपी में 582 जजों का ट्रांसफर, ज्ञानवापी पर फैसला सुनाने वाले जज का भी तबादला

उत्तर प्रदेश न्यायपालिका में बड़ा फेरबदल किया गया है. रविवार को बड़े पैमाने पर जिला अदालतों में तैनात जजों को तबा. दला किया गया है. इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर 582 जजों का ट्रांसफर किया गया है. ये रूटीन ट्रांसफर किए गए हैं. इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने अधिसूचना जारी कर दी है. इन तबादलों को न्यायिक प्रक्रिया को और बेहतर बनाए जाने की प्रक्रिया से जोड़कर देखा जा रहा है. यूपी में जिन जजों को ट्रांसफर किया गया है उनमें 236 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (।क्श्र), 207 सिविल जज सीनियर डिवीजन और 139 सिविल जज जूनियर डिवीजन के तबादले हुए हैं. इनमें वाराणसी के ज्ञानवापी केस में एडवोकेट कमीशन से सर्वे और वजूखाने को सील करने के आदेश का



फैसला सुनाने वाले चर्चित जज रवि कुमार दिवाकर का भी ट्रांसफर किया गया है. जस्टिस रवि कुमार दिवाकर सीनियर डिवीजन के सिविल जज हैं. वो अभी तक बरेली में थे लेकिन अब उनका ट्रांसफर बरेली से चित्रकूट कर दिया गया है. इसके अलावा सबसे ज्यादा कानपुर से जजों को ट्रांसफर किया गया है. अधिसूचना के मुता. बिक कानपुर के 13 जजों का तबादला किया गया है. वहीं अलीगढ़ में 11 जजों को तबादला हुआ है तो बरेली के 5 और आगरा के 6 जजों का भी ट्रांसफर किया गया है. आगरा में तैनात जज परवेज अख्तर का तबादला प्रयागराज, यशपाल लोधी को मेरठ भेज गया है. अलीगढ़ में तैनात रजनीश कुमार का तबदला भी प्रयागराज किया गया है. फिरोजाबाद में तैनात जज अवधेश कुमार को संभल भेजा गया है. जज रिचा उपाध्याय और जज रन विजय प्रताप सिंह इन दोनों को नोएडा से मथुरा भेजा गया है. गाजियाबाद से जज मृदुला मिश्रा को प्रयागराज भेजा गया है. लखनऊ से जज सोमप्रभा मिश्रा को गौतम बुद्ध नगर भेजा गया है. इन सभी न्यायिक अधिकारियो अपने–अपने जिलों में नई तैनाती में ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं.

## 120 फिट गुफा में सजाया मां वैष्णवी का दरबार, नौ दिन 5100 अखंड दीप रहेंगे प्रज्ज्वलित

राजस्थान प्रदेश के भीलवाड़ा शहर जो कि वस्त्रनगरी के साथ धर्म नगरी के रूप में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनाई हुई हैं जिसके चलते चौत्र शुक्ल नवरात्रि स्थापना के शुभ अवसर पर भीलवाड़ा के श्रद्धालुओं के लिए एक खास उपलब्धि बन गया. भीलवाड़ा में पहली बार सनातनी धर्मावलंबियों और माता के भक्तों के लिए माता वैष्णोदेवी का दरबार सजाया गया और 5100 अखण्ड दीप प्रज्वलित किए गए है.संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत की पहल पर हरिशेवाधाम परिसर में महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्वलन से पूर्व दोपहर 12.15 बजे महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज एवं महन्त बाबूगिरी के सानिध्य में दीपक स्थल पर माता वैष्णोदेवी का दरबार सजाया गया और विधि विधान के साथ माता की स्थापना की गई. स्थापना के बाद मातारानी के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में मौजूद




श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आरती की ओर महा प्रसाद प्राप्त किया .माता वैष्णो की 120 फीट लंबी गुफा बनाई गई हरि सेवा धाम में 5100 अखण्ड दीपक पूरी नवरात्रा में अवधि में प्रज्वलित रहेंगे जिनमें 25 पंडित देख रेख के लिए 24 घंटे अलग अलग समय के अंतराल में उपस्थित रहेंगे. आगरा से आए कलाकारों ने 120 फीट लंबी गुफा तैयार की गई है. पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वहां पहुंच माता वैष्णो देवी के दरबार ओर दीपक दर्शन का लाभप्राप्त किया.अखण्ड दीप प्रज्ज्वलित में मूंगफली तेल का होगा उपयोग माता वैष्णो देवी स्थापना के साथ ही अखंड 5100 दीप प्रज्ज्वलित किए जायेगे जिसमें इस अवसर पर सर्व सनातन समाज में सुख शांति व समृद्धि की कामना की गई. ये दीपक मूंग. फली तेल से प्रज्वलित किए जाएंगे. 9 दिन तक 25 पंडित रात–दिन जलते दीपक की देखरेख करेंगे

## हमीरपुर में जिलाधिकारी दफ्तर की चौखट पर महिला ने पढ़ी नमाज, ऑफिस के खंभे को भी लगाया गले

उत्तर प्रदेश स्थित हमीरपुर में जिलाधिकारी कार्यालय के परिसर में एक महिला ने ईद की नमाज पढ़ी. समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी, हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है. सदर कोतवाली पुलिस नमाज पढ़ने वाली महिला की खोजबीन में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी ऑफिस में तैनात पुलिस कर्मी सस्पेंड होंगे. हमीरपुर में डीएम दफ्तर की चौखट पर महिला के नमाज पढ़ने का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें देखा जा सकता है कि अमुक नमाज अदा करने के बाद ऑफिस के बाहर बने खंभों को गले भी लगाती है. महिला ने ईद की नमाज जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पढ़ सबको सकते में डाल दिया है.दावा किया गया किया जा रहा है कि महिला एंट्री गेट में सुरक्षा कर्मियों के बीच से निकल कर डीएम दफ्तर पहुंची. कार्यालय के बाहर नमाज पढ़ने के दौरान किसी भी कर्मचारी ने मामले की सुध नहीं ली. जब मामले का वीडियो वायरल हुआ तब पुलिस और जिला कलेक्टर का दफ्तर, दोनों जागे.

## उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के जल निगम में तैनात अवर अभियंता धर्मेंद्र कुशवाहा ने पत्नी पर हत्या की धमकी का आरोप लगाया

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के जल निगम में तैनात अवर अभियंता धर्मेंद्र कुशवाहा मूल रूप से बस्ती के रहने वाले हैं. वह साल 2015 से जिले के जल निगम में जेई के पद पर तैनात हैं. साल 2016 में शादी. की दोनों की 5 साल की एक बेटी भी है. धर्मेंद्र का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक चल रहा था. बाद में माया ने अपने नाम तीन टैक्सी गाड़ियां निकलवाईं, जिसकी किश्त भी उसी को भरनी पड़ी. इसके बाद 2022 में धर्मेंद्र कुशवाहा ने नगर कोतवाली क्षेत्र के डिहवा ग्राम पंचायत में एक जमीन खरीदी. माया के कहने पर उसने मकान बनाने का फैसला लिया. वहीं पत्नी के एक दूर के रिश्तेदार नीरज मौर्या को काम दिया.शख्स का आरोप है कि पत्नी का ठेकेदार नीरज मौर्या से अवैध संबंध हो गया. कई बार उसको पत्नी पर शक हुआ. जिसके बाद उन्होंने पत्नी पर नजर रखना शुरू कर दिया था. 7 जुलाई 2024 को धर्मेंद्र अपनी पत्नी माया के साथ सो रहे थे और नीरज मौर्या बगल के कमरे में सोया हुआ था. जब धर्मेंद्र की रात में नींद खुली तो उसकी पत्नी रिश्तेदार नीरज मौर्य के साथ बगल वाले कमरे में आपत्तिजनक हालत में मिली थी. जब उसने इसका विरोध किया तो पहले दोनों ने उसे पीटा फिर रात में ही माया, नीरज मौर्या के साथ कहीं चली गई. मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उससे अलग रहने के लिए कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दे चुका है.जेई पति बेबुनियाद आरोप लगाकर करीब आठ महीने से अलग रह रहा है. उनका एक युवती से संबंध है. रिश्तेदार ठेकेदार से उनका लेनदेन का विवाद है.वह पिछले कई दिनों से सीसीटीवी फुटेज और पति के आरोपों की जांच की मांग कर रही हैं, माया की मां शोहरती देवी ने भी दामाद की सुरक्षा के लिए अपील की है. इस पर माया का कहना है कि मां अपने निजी स्वार्थ के लिए अनाप–शनाप बयान दे रही हैं. पुलिस का कहना है जांच के बाद ही सारा सच सामने आएगा. आरोपों की जांच की जा रही है.

# हाथरस के कोतवाली सदर क्षेत्र में एक पाजेब कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हाथरस के कोतवाली सदर क्षेत्र में एक पाजेब कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला अय्यापुर कलां निवासी 28 वर्षीय जितेंद्र के रूप में हुई है। जितेंद्र की शादी 8 साल पहले सादाबाद के सलेमपुर रोड की एक युवती से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। कुछ समय से जितेंद्र की पत्नी अपने मायके में रह रही थी। परिवार का आरोप है कि पत्नी जितेंद्र पर ससुराल में रहने का दबाव बना रही थी।पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल जितेंद्र रविवार को अपनी ससुराल गया था। उसके बाद वह लौट कर वापस नहीं आया। वह चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव अनीगढ़ी के पास घायल अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे पहले



सादाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भ. `जा। गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर उसके परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए।मृतक के परिजनों का आरोप है कि ससुरालियों ने जितेंद्र की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भि. जवाया है।

## हाथरस में ईद–उल–फितर का त्योहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया

हाथरस में ईद–उल–फितर का त्योहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया जा रहा है। आज सुबह मुरसान गेट स्थित ईदगाह में हजारों नमाजियों ने नमाज अदा की। हाफिज मोहम्मद इनाम ने नमाज कराई और देश की तरक्की की दुआ मांगी।नमाज के बाद ईदगाह के पास फितरा और जकात का वितरण किया गया। लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात था। कुछ लोग सड़क पर बैठकर नमाज अदा करने की कोशिश कर रहे थे। प्रशासन और मुस्लिम इंतजामिया कमेटी ने उन्हें आसपास की मस्जिदों में भेज दिया। काली पट्टी बांधकर आए लोगों से कमेटी ने पट्टियां उतरवा दीं। कमेटी का कहना था कि मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। इस मौके पर मुस्लिम इंतजामियां कमेटी के सदर राहत अहमद कुरेशी, डॉ. रईस अहमद अब्बासी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।सपा और बसपा नेताओं ने दी मुबारकबाद समाजवादी पार्टी और बहुजन



समाज पार्टी के नेताओं ने भी मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी। एसडीएम नीरज शर्मा और सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। ईदगाह के बाहर सपा नेता बृजमोहन राही, लल्लन बाबू एडवोकेट, रामनारायण काके आदि ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।बसपा के जिला अध्यक्ष राज कपूर भी लोगों को ईद की मुबारक. बाद देते नजर आए। सिकंद्राराऊ, सासनी, सादाबाद, पुरदिलनगर, मेंडू और आसपास के कस्बों में भी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गई। ईदगाह के अंदर नमाज अदा करते नमाजी। एक नमाजी के हाथ से काली पट्टी उतरवाते मुस्लिम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारी। ईदगाह के बाहर मौजूद एसडीम सदर और सीओ सिटी।

## हाथरस में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की विशेष पूजा–अर्चना की गई

हाथरस में चौत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की विशेष पूजा–अर्चना की गई। सुबह से ही शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के बौहरे वाली देवी मंदिर, चामड़ गेट स्थित चामुंडा मंदिर, किला गेट स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इसके अलावा पथवारी मंदिर, रमनपुर स्थित मां चामुंडा मंदिर, मां तारागढ़ मंदिर और सासनी के पास स्थित कंकाली मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में जलाभिषेक किया। कुछ मंदिरों में भीड़ के कारण धक्का–मुक्की की स्थिति बनी। इसे देखते हुए कई मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई। मंदिरों में देवी मां के भव्य श्रृंगार किए गए। भजन–कीर्तन के साथ हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया।पूरा वातावरण भक्ति में डूबा काफी श्रद्धालु नवरात्र में व्रत भी रख रहे हैं। घरों में भी कलश स्थापना कर मां की पूजा–अर्चना की गई। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। मंदिरों के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने मां से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

## मुरसान कोतवाली क्षेत्र में बाइक लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही

मुरसान कोतवाली क्षेत्र में बाइक लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में खुटीपुरी जाटान गांव के पास चार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से मोटरसाइकिल छीन ली। यह क्षेत्र में 36 घंटे के भीतर हुई तीसरी घटना है।घटना के समय सादाबाद निवासी समीम खान अपने भतीजे अजीज खान के साथ खुटीपुरी जाटान जा रहे थे। जैसे ही वे गांव के पास स्थित भट्टे के निकट पहुंचे, दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने समीम खान से मारपीट की और उनकी मोटरसाइकिल छीनकर फरार हो गए।पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि क्षेत्र में हुई तीनों बाइक छिनैती की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही लूट की घटनाओं से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला खरग में एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया



हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला खरग में एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। गांव में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग की मृत्यु के बाद यह विवाद सामने आया। जब ग्रामीण मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव के एक स्थान पर ले गए, तो कुछ लोगों ने इसका विरोध किया।विरोध करने वालों का कहना था कि यह क्षेत्र अब आबादी वाला इलाका बन चुका है और यहां अंतिम संस्कार नहीं किया जा सकता। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।टीम करेगी भूमि को लेकर जांच पड़तालइस घटना के बाद संबंधित विभाग की टीम को मौके का निरीक्षण करना है। टीम यह जांच करेगी कि क्या यह भूमि वास्तव में श्मशान की है या नहीं। इस जांच के बाद ही भविष्य में यहां अंतिम संस्कार की अनुमति दी जाएगी।

## हाथरस के एक युवक की हरियाणा के बल्लभगढ़ में संदिग्ध अवस्था में मौत



हाथरस के एक युवक की हरियाणा के बल्लभगढ़ में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक की पहचान हाथरस के कस्बा मुरसान के सादाबाद मार्ग निवासी कुलदीप उर्फ कलुआ (45) के रूप में हुई है। कुलदीप पिछले कई सालों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बल्लभगढ़ में रह रहा था। वह वहां प्राइवेट नौकरी करता था।परिवार के अनुसार, कुलदीप रविवार को घर से बाहर गया था। रात भर वह घर नहीं लौटा। उसकी पत्नी और परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।सूचना मिलने पर बल्लभगढ़ पहुंचे परिजन सोमवार को बल्लभगढ़ में एक स्थान पर उसका शव संदिग्ध हालत में मिला। सूचना मिलते ही मुरसान से उसके परिजन बल्लभगढ़ थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इधर इस घटना के बाद उसके परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

## हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा

हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मुरसान क्षेत्र के गांव अहरई के किसान अनेक दिवाकर की 5 बीघा कटी हुई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।घटना उस समय हुई जब खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। वहां पर तेज आग की लपटें उठने लगी। फसल में आग लगते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया।किसान को हुआ है हजारों का नुकसान हालांकि, आग पर काबू पाने से पहले ही अधिकांश फसल जल चुकी थी। किसान अनेक दिवाकर ने बताया कि उनकी कटी हुई फसल खेत में रखी थी। इस घटना से उन्हें काफी आर्थिक क्षति हुई है। क्षेत्र में हाल के दिनों में फसलों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं।

## आयकर विभाग रडार पर अलीगढ़ के 300 पैन कार्ड, चल रही जांच, ऐसे जांचें अपने पैन कार्ड का हाल

जूस कारोबारी रईस के नाम पर बोगस फर्म बनाए जाने का खुलासा हुआ था। 11 करोड़ से अधिक का नोटिस पहुंचने के बाद घर में मातम जैसा माहौल है। यहां तक कि उनकी पत्नी प्रीति ढाई साल से टीवी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है।योगेश शर्मा ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि इस समय उन्हें केवल सरकार से ही उम्मीद है।अलीगढ़ के नौरंगाबाद के डिप्टीगंज निवासी ताला कारीगर योगेश शर्मा का कहना है कि ये नोटिस उनके लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। पीड़िता परिवार के पास इतने पैसे तो क्या, 100 रुपये तक भी नहीं हैं। आयकर विभाग से मिला ये नोटिस 11 करोड़ 11 लाख 85 हजार 991 रुपये का है। इस मामले को लेकर योगेश शर्मा का कहना है कि ये नोटिस फर्जी हो सकता है। चार साल पहले भी उन्हें 10 लाख रुपये का फर्जी नोटिस मिला था।ताला कारीगर योगेश को उनके पैनकार्ड से 2018–19 में हुए लेनदेन के लिए आयकर विभाग ने नोटिस दिया है। नोटिस के अनुसार, उनके पैनकार्ड के जरिए बनी फर्म में करोड़ों रुपये की खरीद फरोख्त का काम किया गया है, जिसका हिसाब आयकर विभाग को नहीं दिया गया है। वहीं कारीगर ने आईटीआर भी दाखिल नहीं किया है।इस मामले में जब आयकर विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो ईद की छुट्टी होने के कारण किसी ने फोन नहीं उठा। फिलहाल इस मामले में आयकर विभाग की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की सच्चाई क्या है, ये जांच के बाद ही पता चलेगा।

## जेल में सांप्रदायिक सौहार्द, 500 बंदी ने रखा रोजा तो 1240 रहे नवरात्र व्रत

नवरात्र का व्रत रखने वाले बंदियों के फलाहार के लिए 750 ग्राम आलू, दो केले, आधा किलो दूध, 60 ग्राम चीनी दी गई। इधर, रोजा रखने वाले बंदियों को दो खजूर, बिस्किट, पाव–रोटी, केला, 200 ग्राम दूध व 15 ग्राम चीनी प्रदान की जा रही है।अलीगढ़ जिला कारागार में 30 मार्च से शुरू हुए चौत्र नवरात्र के पहले दिन 1240 बंदियों ने उपवास रखा। इससे पहले से ही रमजान में 560 बंदी रोजा रख रहे हैं। इनके लिए जिला कारागार प्रशासन की ओर से फलाहार व रोजा इफ्तार की व्यवस्था की गई है। इससे यहां सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिल रही है वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कारागार में नवरात्र के पहले दिन 1240 बंदियों ने उपवास रखा। इसी तरह 560 बंदियों द्वारा रमजान में रोजा रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार में हर बार की तरह पूजा–अर्चना व इबादत करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि नवरात्र का व्रत रखने वाले बंदियों के फलाहार के लिए 750 ग्राम आलू, दो केले, आधा किलो दूध, 60 ग्राम चीनी दी गई। इधर, रोजा रखने वाले बंदियों को दो खजूर, बिस्किट, पाव–रोटी, केला, 200 ग्राम दूध व 15 ग्राम चीनी प्रदान की जा रही है। इन बंदियों को शाम को पूर्ण भोजन दिया जा रहा है।

## अलीगढ़ में सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद–उल–फितर की नमाज अदा

अलीगढ़ महानगर के शाहजमाल ईदगाह सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर ईद–उल–फितर की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही, जिसमें पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, पीएसी व आरएएफ बल तैनात थे। वहीं, नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को चाक–चौबंद रखा। थाना दिल्ली गेट क्षेत्र स्थित शाहजमाल ईदगाह में सुबह से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था। नमाज सुबह 7रू45 बजे से दो शिफ्टों में अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने शांति और भाईचारे की दुआ की और नमाज के बाद गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने शिफ्टों में नमाज होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पहले सभी लोग एक साथ नमाज अदा करते थे, लेकिन अब शिफ्टों में बांट दिया गया है, जिससे समाज में नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है। अगर भविष्य में किसी भी समुदाय के पर्व सार्वजनिक स्थल पर मनाए गए, तो हम भी एक साथ सड़क पर नमाज अदा करेंगे। शाहजमाल ईदगाह पर ईद–उल–फितर की नमाज सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा। ईद के इस मौके पर शहर में अमन और सौहार्द बना रहा।

# डीएम मेधा रूपम और एसपी अंकिता शर्मा ने शहर में फ्लैग मार्च किया



कासगंज। जिले में ईद उलफितर का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस त्योहार के साथ ही रोजे और रमजान माह संपन्न हो गए हैं। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ईद के जश्न में डूब गए। घरों में दूध की मीठी सेवई बनाई गई। मस्जिदों एवं ईदगाहों पर वक्फ बोर्ड कानून के विरोध में हाथ में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की गई। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसे मीठी ईद भी कहते हैं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले की 170 ईदगाहों में नमाज अदा की गई। शहर के बिलराम गेट ईदगाह, मुहल्ला हुल्का रोड नई ईदगाह, जामा मस्जिद, सोरों गेट, अहरौली सहित सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों पर ईद नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों की भीड़ रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करने के साथ ही एक दूसरे को गले लगाया। माहौल सुबह से ही जश्न में डूबा रहा। हर शख्स एक दूसरे को मुबारकबाद दे रहा था। मीठी सेवईयों लोगों का मुंह मीठा कराया गया। कोई भी अराजक तत्व ईद पर अराजकता न कर सके, इसके लिए प्रशासन अलर्ट रहा। वहीं, पुलिस मुस्तैद रही। जिलेभर में मस्जिदों और ईदगाह पर पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। डीएम मेधा रूपम, एसपी अंकिता शर्मा, एडीएम राकेश पटेल, एवं एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने जिले भर में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शहर में एसडीएम संजीव सिंह, सीओ आंचल चौहान पुलिस बल के साथ मुस्तैदी बनाए रहे। शहर के अलावा कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद उल फितर का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोग घरों में रहे, नमाज अता की और परिवार के साथ खुशियां मनाईं। इस दौरान उन्होंने देश और मुल्क में हाथ उठाकर अमन चैन की दुआ मांगी ।जामा मस्जिद पर लगा मेलाईद उल फितर को लेकर शहर की जामा पर परंपरागत मेला लगा। मेले में खेल–खिलौनी व चाट पकौड़ी की दुकानें लगाई। जिसमें बच्चों ने पहुंचकर मेले का लुत्फ उठाया। मेले में बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे। झूले का लुत्फ उठाया। सुबह से लेकर देर रात तक मेले में लोगों की भीड़ रही। ड्रोन से की गई निगरानीईदगाहों और मस्जिदों पर ड्रोन कैमरे सेनिगरानी की गई। सुबह से ही ड्रोन कैमरे हवा में उड़ने लगे। पल–पल की रिकार्डिंग प्रशासन ने इन कैमरों के माध्यम से कराई। पूरी तरह शांति पूर्ण ढंग से ईद का त्योहार हुआ ।लगाए गए ईद मिलन शिविर ईद उल फितर के मौके पर नगर पालिका प्रशासन सहित सामाजिक संगठनों ने शहर के बिलराम गेट पर शिविर लगाए। शिविर में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर एक दूसरे को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी। मुस्लिमों ने भी हिंदू भाईयों को ईद का न्यौता दिया। डीएम मेधा रूपम ने बताया कि जिले में शांति पूर्ण ढंग से ईद उल फितर का पर्व मनाया जा रहा है। लोगों ने हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया है। पूरे जिले वासियों को ईद की मुबारकबाद। एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले में कड़े इंतजाम किए गए थे। स्वयं डीएम के साथ भ्रमणशील रहकर व्यवस्था परखते रहे। शांति के साथ पर्व मनाया जा रहा है।

## जलेसर में ईद–उल–फितर का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया



जलेसर में ईद–उल–फितर का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। समसपुर रोड स्थित ईदगाह पर साढ़े सात बजे करीब 7000 लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। शहर इमाम मोहम्मद असलम ने नमाज अदा करवाई और देश में अमन–शांति की दुआ मांगी गई ।नगर के इस्लामनगर, पठानान, सादात, ठगेलान, मेमरान और हथौड़ा समेत सभी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बीती रात से ही त्योहार की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ।ईदगाह के पास स्थित दरगाह पर समाजवादी पार्टी और अन्य दलों ने कैंप लगाकर लोगों को बधाई दी। कोतवाली प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं ।हालांकि, एक चर्चा का विषय यह रहा कि ईदगाह में नमाज के दौरान एसडीएम भावना विमल, तहसीलदार या नायब तहसीलदार मौजूद नहीं थे। एसडीएम भावना विमल नमाज के बाद दरगाह बाईपास बसंत वाटिका पर पहुंचीं। मौके पर सीओ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयवीर सिंह, महेश चंद्र, मनोज गौस्वामी, सभासद उत्साह भारद्वाज, सभासद नवीन, सत्यपाल, तारिक खान, नदीम शेख, कल्लू खान, मुजाहिद खां और मुस्तफा खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एटा जनपद में ईद उल फितर और नवरात्र के अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों समुदायों ने अपने–अपने त्योहार मनाए

एटा जनपद में ईद उल फितर और नवरात्र के अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों समुदायों ने अपने–अपने त्योहार मनाए। जनपद की तीनों तहसीलों एटा, अलीगंज और जलेसर में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की ।एटा बस स्टैंड के पास ईदगाह, शांति नगर की मस्जिद, नगला पोता की मस्जिदों में नमाज का आयोजन हुआ। अलीगंज ईदगाह और जलेसर कस्बे की मस्जिद में भी नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन–चौन की दुआएं मांगी ।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए जिला प्रशासन ने पूरे जनपद को पांच जोन, 16 सेक्टर और 36 सब सेक्टर में बांटा। प्रत्येक क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह और अपर जिला मजिस्ट्रेट ने स्वयं मौके पर रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि यह एक संयोग है कि ईद और नवरात्र एक साथ मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग बड़े हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से अपने त्योहार मना रहे हैं। इंटेलिजेंस विभाग की टीमें भी सक्रिय रहीं। अलीगंज ईदगाह पर मुस्लिम नेता जुनैद मियां ने भी नमाज अदा की और लोगों के साथ खुशियां साझा कीं।

## तहसील पटियाली क्षेत्र में ईद–उल–फितर का त्योहार उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया

तहसील पटियाली क्षेत्र में ईद–उल–फितर का त्योहार उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया ।सिढ़पुरा में करतला रोड स्थित ईदगाह में शाही इमाम हाफिज सहजाद अल्वी ने सुबह 7:45 से 8:30 बजे तक ईद की नमाज अदा कराई ।इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि ईद आपसी प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद को पुण्य का कार्य बताया ।नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बाजारों में रौनक रही। लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों, खासकर सेवईयों का आनंद लिया ।क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की गई। खुफिया तंत्र भी अलर्ट पर रहा। रियाज सैफी, डॉ. वाहिद अली, निजाम अहमद बब्बन, तारिक महमूद मंसूरी समेत कई लोगों ने भी भाईचारे के साथ एक–दूसरे को मुबारकबाद दी ।तहसील पटियाली क्षेत्र के गंजडुंडवारा, पटियाली और भरगैन में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में रिटायर्ड फौजी के घर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया

एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में रिटायर्ड फौजी के घर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। किनौडी खेड़ा खैराबाद में रहने वाले सुरेंद्र सिंह यादव के मकान में चोरों ने रविवार रात दीवार काटकर प्रवेश किया ।चोर घर से दो लाख रुपये नकद और सोने–चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरों ने बक्से में रखा कुछ सामान पास के खेत में फेंक दिया। परिवार को सुबह जागने पर चोरी का पता चला ।रिटायर्ड फौजी सुरेंद्र सिंह ने तुरंत डायल 112 और अलीगंज थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया ।थाना प्रभारी निर्दोष सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## कासगंज जिले में ईद–उल–फितर का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

कासगंज रू जिले में ईद–उल–फितर का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस त्योहार के साथ ही रोजे और रमजान माह संपन्न हो गए हैं। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ईद के जश्न में डूब गए। घरों में दूध की मीठी सेवइयां बनाई गईं। मस्जिदों एवं ईदगाहों पर वक्फ बोर्ड कानून के विरोध में हाथ में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की गई। लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसे मीठी ईद भी कहते हैं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले की 72 ईदगाहों और 211 मस्जिदों में नमाज अदा की गई ।शहर के बिलराम गेट ईदगाह, मोहल्ला हुल्का रोड नई ईदगाह, जामा मस्जिद, सोरों गेट, अहरौली सहित सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों की भीड़ रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करने के साथ ही एक–दूसरे को गले लगाया। माहौल सुबह से ही जश्न में डूबा रहा। हर शख्स एक–दूसरे को मुबारकबाद दे रहा था। मीठी सेवइयां खिलाकर लोगों का मुंह मीठा कराया गया ।कोई भी अराजक तत्व ईद पर अरा. जकता न कर सके, इसके लिए प्रशासन अलर्ट रहा। वहीं, पुलिस मुस्तैद रही। जिलेभर में मस्जिदों और ईदगाहों पर पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। डीएम मेधा रूपम, एसपी अंकिता शर्मा, एडीएम राकेश पटेल एवं एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने जिलेभर में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शहर में एसडीएम संजीव सिंह, सीओ आंचल चौहान पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। शहर के अलावा कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद–उल–फितर परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोग घरों में रहे, नमाज अदा की और परिवार के साथ खुशियां मनाईं। इस दौरान उन्होंने देश और समाज में अमन–चौन की दुआ मांगी ।जामा मस्जिद पर लगा मेला ईद–उल–फितर को लेकर शहर की जामा मस्जिद पर परंपरागत मेला लगा। मेले में खेल–खिलौने व चाट–पकौड़ी की दुकानें लगाई गईं, जिसमें बच्चों ने पहुंचकर मेले का लुत्फ उठाया। मेले में बड़ी संख्या में बच्चे आए और झूले का आनंद लिया। सुबह से लेकर देर रात तक मेले में लोगों की भीड़ रही ।ड्रोन से की गई निगरानी ईदगाहों और मस्जिदों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। सुबह से ही ड्रोन कैमरे हवा में उड़ने लगे। प्रशासन ने इन कैमरों के माध्यम से पल–पल की रिकॉर्डिंग कराई। पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से ईद का त्योहार संपन्न हुआ ।लगाए गए ईद मिलन शिविर ईद–उल–फितर के मौके पर नगर पालिका प्रशासन सहित सामाजिक संगठनों ने शहर के बिलराम गेट पर शिविर लगाए। शिविर में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर एक–दूसरे को ईद–उल–फितर की मुबारकबाद दी। मुस्लिमों ने भी हिंदू भाइयों को ईद का न्योता दिया ।अधिकारियों के बयान जिले में शांतिपूर्ण ढंग से ईद–उल–फितर का पर्व मनाया गया है। मेधा रूपम, डीएम। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले में कड़े इंतजाम किए गए थे। स्वयं डीएम के साथ भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। शांति के साथ पर्व संपन्न हुआ ।

## कासगंज:विद्यालय और मंदिरों के पास शराब की दुकानें, शिकायत पर जांच जारी

गंजडुंडवारा : कस्बे के गांधी रोड पर विद्यालय व मंदिरों के पास देशी व अंग्रेजी शराब की चार दुकानें हैं। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने इन दुकानों से धार्मिक भावना आहत होने और विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर दुष्प्रभाव पड़ने का हवाला देकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दुकानों को अन्यत्र स्थापित कराए जाने का अनुरोध किया। पहले चरण में जिला आबकारी विभाग ने जांच कर सभी मदिरा की दुकानों को नियमानुसार बताते हुए निस्तारण कर दिया। शिकायतकर्ता की असंतुष्टि पर दोबारा जांच उप आबकारी आयुक्त अलीगढ़ से कराई गई ।उनके द्वारा विभाग का भारी राजस्व निहित होने का हवाला देकर दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित कराने का कोई औचित्य न होने की बात कहकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने तीसरी बार फिर से आपत्ति जताकर असंतोष जाहिर किया। अब जांच संयुक्त आबकारी आयुक्त को सौंपी गई है। यह तीसरी बार जांच होनी थी, जो उप आबकारी आयुक्त अलीगढ़ और सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन–3 द्वारा कराई गई ।27 मार्च को पहुंचकर जांच अधिकारियों ने दूरी मापने के लिए इंचीटेप का उपयोग किया। विद्यालय ज्ञानदीप विद्या मंदिर के पास स्थित दुकान नियमविरुद्ध 20 मीटर की दूरी पर संचालित पाई गई। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–2, पटियाली द्वारा अवगत कराया गया कि इसे नए वित्त वर्ष, 1 अप्रैल 2025 से अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाएगा ।जांच नियमानुसार की गई है। नियमों के पालन में कोई कोताही नहीं बरती गई। वाणिज्यिक क्षेत्र में दुकानें आती हैं, जिसका प्रमाण पत्र ठेकेदार द्वारा आबकारी निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाना है

## कासगंज के सोरों थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार में सोमवार को एक नवजात शिशु लावारिस हालत

कासगंज के सोरों थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार में सोमवार को एक नवजात शिशु लावारिस हालत में मिला। राहगीरों ने तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और स्थानीय पुलिस को सूचित किया ।चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शिशु को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौरभ, सुपरवाइजर रूबी और केस वर्कर आयुष शामिल थे। पुलिस की ओर से सब–इंस्पेक्टर विकास शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे ।नवजात की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल कासगंज के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, शिशु की हालत स्थिर है। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है ।चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर सौरभ यादव ने बताया कि नवजात के स्वस्थ होने के बाद उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा। समिति शिशु के भविष्य के लिए आगे का निर्णय लेगी।






# ब्रेस्ट कैंसर का खतरा हो जाएगा कम

## महिलाओं की जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है उनके

महिलाओं की जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है उनके शरीर में कई तरह के हार्मोनल चेंजेज होते हैं. पूरी दुनिया में महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर होने वाली संख्या लगातार बढ़ रही है. सिर्फ इतना ही नहीं इस बीमारी के कारण कई लाख महिलाओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है. हाल ही में हुए रिसर्च में खुलासा हुआ है कि जो महिलाएं फिजकली एक्टिव और रोजाना एक्सरसाइज, सही डाइट और योग करती हैं तो उन महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा काफी कम होता है.एक्सरसाइज के जरिए ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैंएक्सरसाइज करने से आ. वरऑल हेल्थ का पूरा विकास होता है. इससे कैंसर का खतरा कम होता है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक एक्सरसाइज करते ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को एक हद तक कम किया जा सकता है. लगातार एक्सरसाइज करके एक हद तक ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है. जो महिलाएं लगातार एक्सरसाइज करती हैं उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होता है. हार्मोनल इनबैलेंस के जोखिम को करता है कम एक्सरसाइज करने से हामा. नल इनबैलेंस कंट्रोल में रहता है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक रेगुलर एक्सरसाइज करने से एस्ट्रोजन का लेवल काफी ज्यादा कंट्रोल में रहता है. एस्ट्रोजन एक हार्मोन है जो हार्मोन इनबैलेंस करता है. इससे ब्रेस्ट सेल्स की ग्रोथ को एक्टिव कर सकता है. यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है. आप इस दौरान एरोबिक एक्सरसाइज, वेट लिफ्टिंग, योग जैसे एक्सरसाइज कर सकते हैं. महिलाओं में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ने के कारण ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को बढ़ाती है. लेकिन एक्सरसाइज के जरिए एक हद तक इसे कंट्रोल कर सकते हैं. शराब पीने की लत है तो बिल्कुल छोड़ दें. शराब न पीना सेहत के लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित है. हद से ज्यादा शराब पीने से ब्रेस्ट कैंसर का



जोखिम काफी ज्यादा बढ़ने लगता है. खासकर महिलाओं को एक दिन में हद से ज्यादा ड्रिंक नहीं पीना चाहिए. इससे ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होता है. एक ड्रिंक में कम से 12 औंस बीयर, 5 औंस वाइन या 1.5 औंस 80–प्रूफ डिस्टिल्ड स्पिरिट होते हैं. हेल्दी वजन मेंटेन रखने के लिए आपको हेल्दी डाइट लेना चाहिए.

# जीवन साथी का अच्छा मूड ही खुशहाली की गारंटी


अब तो रिसर्च ने भी साबित कर दिया कि किसी भी घर की खुशहाली तभी संभव है जब घर की मालकिन या मालिक खुश हों. जर्नल साइकोन्यूरोएंडोक्राइनोलॉजी में छपी एक हालिया स्टडी में पाया गया कि जीवन साथी का अच्छा मूड ही खुशहाली की गारंटी है. लेकिन यह ये होता कैसे है? दरअसल, शोधकर्ताओं ने जर्मनी और कनाडा के 321 जोड़ों के आंकड़ों का अध्ययन किया और पाया कि जब किसी का साथी ज्यादा खुश महसूस करता है , तो इससे उनके कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर घट जाता है. बुजुर्गों में और भी ज्यादा देखा गया असर यह असर खासकर उन बुजुर्गों में और भी ज्यादा देखा गया , जो अपने लंबे खुशहाल जीवन से खुश थे. ध्यान देने वाली बात यह रही कि इसका उलटा होता नहीं दिखा. मतलब अगर कपल में से किसी एक का भी मूड खराब है तो इसका जीवन साथी के कोर्टिसोल स्तर पर कोई असर नहीं पड़ता. अध्ययन कम उम्र के दंपत्तियों पर नहीं बल्कि परिपक्व जीवन साथियों पर हुआ. ये वो थे जिनकी उम्र 56 से 87 के बीच थी और उनके रिश्तों की औसत अवधि 43.97 साल थी, यानी करीब 44 साल तक ये लोग साथ–साथ थे.उम्र बढ़ने के साथ अपने मूड को कंट्रोल करना मुश्किल निष्कर्षों से पता चलता है कि लंबे समय तक प्रतिबद्ध रिश्तों में रहने वाले बुजुर्ग जोड़े एक–दूसरे को नकारात्मक भावनाओं के प्रभाव से बचाने के तरीके खोज लेते हैं. यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि लोगों की उम्र बढ़ने के साथ अपने मूड को कंट्रोल करना अक्सर मुश्किल लगता है. तनावपूर्ण घटना के बाद बुजुर्गों में कोर्टिसोल लंबे समय तक बढ़ा रहता है और एजिंग ब्रेन इसे रोकने में काफी संघर्ष करता है.ये परिणाम उम्र से संबंधित तनाव के लिए एक मनोवैज्ञानिक बफर के रूप में कार्य कर सकता है.वैसे यह पहली बार नहीं है जब विज्ञान ने एक खुशमिजाज साथी को लेकर स्टडी पेश की हो. 2016 के एक अध्ययन में भी ऐसा ही कुछ पाया गया. ऐसा ही कुछ, 85 साल लंबे हार्वर्ड शोध प्रोजेक्ट में सामने आया. स्पष्ट हुआ कि खुशहाल विवाह लंबे, स्वस्थ जीवन की कुंजी होता है.

# नवरात्रि में साबूदाने से बनाएं ये स्वादिष्ट चीजें

चौत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है. यह पर्व 9 दिनों तक चलता है, जिसमें हर दिन एक विशेष रूप से देवी के नौ रूपों की पूजा होती है. इस पावन पर्व को देश के कई हिस्सों में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है. इस दौरान लोग व्रत रखते हैं. अपनी मान्यताओं के अनुसार कई लोग नौ दिन, तो वहीं कई लोग 2 दिन व्रत रखते हैं. इस दौरान केवल साबूदाना, आलू, फल, दूध आदि का सेवन किया जाता है. व्रत के दौरान लोग आलू के अलावा साबूदाना भी खाना बहुत पसंद करते हैं. ऐसे में साबूदाना से कई तरह की स्वादिष्ट और पौष्टिक चीजें बनाई जा सकती है. आइए जानते हैं साबूदाना से बनने वाली उन चीजों की रेसिपी के बारे मेंइसे बनाने के लिए सबसे पहले तो साबूदाना को अच्छे से धोकर पानी में 4–5 घंटे भिगोकर रखें. इसके बाद कढ़ाई में घी गर्म करें, उसमें जीरा और हरी मिर्च डालें. अब उबले हुए आलू और मूंगफली डालकर 2–3 मिनट तक भूनें. अब साबूदाना डालें और अच्छे से मिलाकर कुछ मिनटों तक पकाएं. शहद या चीनी, सेंधा नमक डालें और हरे धनिए से सजाकर सर्व करें.अगर आप चटपटा खाना पसंद करते हैं तो आप इससे टिक्की बना सकते हैं. साबूदाना को धोकर पानी में भिगोकर रखें और आलू उबाल कर उसे मैश कर लें. साबूदाना, आलू, मूंगफली, हरी मिर्च और सभी मसाले जैसे की सेंधा, लाल मिर्च पाउडर मिलाकर आटा गूंथ लें. अब छोटे–छोटे गोले बनाकर टिक्की के आकार में तलें. घी में सुनहरा होने तक तल लें और गरमा गरम सर्व करें.अगर आपको मीठा पसंद है तो आप साबूदाना खीर भी बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए साबूदाना को अच्छे से धोकर 2–3 घंटे भिगोकर रखें. इसके बाद एक पैन में दूध और पानी डालकर उबालें, फिर उसमें साबूदाना डालकर पकाएं. जब साबूदाना पक जाए, उसमें चीनी और घी डालकर अच्छे से मिला लें. ड्राई फ्रूट्स से सजा कर गरम–गरम खीर सर्व करें.साबूदाना वडा बनाने के लिए साबूदाना को धोकर भिगोकर रखें और आलू उबालकर मैश कर लें. मूंगफली को तावेमें सेंक कर कूट लें. साबूदाना, आलू, मूंगफली, हरी मिर्च, जीरा और मसाले जैसे की सेंधा नमक और लाल मिर्चा पाउडर मिलाकर गोल–गोल वडे बनाएं. गरम तेल में वड़े को सुनहरा लाल होने तक तल लें और चटनी के साथ सर्व करें.

# महिलाओं में हर महीने पीरियड्स आते हैं, लेकिन अगर कोई महिला गर्भवती नहीं

महिलाओं में कई तरह की समस्याएं संबंधी समस्याएं होती हैं. आज के समय में पीरियड्स से जुड़ी परेशानियां भी काफी बढ़ रही हैं. महिलाओं में हर महीने पीरियड्स आते हैं, लेकिन अगर कोई महिला गर्भवती नहीं हैं और फिर भी समय से पीरियड्स नहीं आ रहे हैं तो यह कई बीमारियों का लक्षण हो सकता है. अगर यह परेशानी हो रही है तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए. इस मामले में डॉक्टर से सलाह लेकर जल्द से जल्द इलाज शुरू कराना चाहिए.दिल्ली में गायनेलॉजिस्ट डॉ सलोनी बताती हैं कि पीरियड्स का समय पर न आना पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) का एक बड़ा लक्षण होता है. पीसीओएस एक हार्मोनल डिसऑर्डर है जो महिलाओं में होता है. आज के समय में खराब खानपान और बिगड़े हुए ला. इफस्टाइल के कारण ये बीमारी काफी कॉमन हो गई है, लेकिन इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए. इसके लक्षणों में समय पर पीरियड्स न आना, वजन बढ़ना, और त्वचा पर मुहांसे होना शामिल हैं.कुछ महिलाओं में थायराइड के कारण भी



पीरियड्स समय न आने की समस्या हो सकती है. जब किसी महिला मेंथायराइड ग्लैंड ठीक से काम नहीं करता है तो ये बीमारी होती है. इसमें पीरियड्स न आना, वजन बढ़ना, और थकान जैसे लक्षण दिखते हैं. जेनेटिक कारण, ऑटोइम्यून विकार के कारण थाइराइड की बीमारी होती है. महिलाओं में मानसिक तनाव भी समय पर पीरियड्स न आने का एक कारण हो सकता है. इसके अलाला यूट्रस से संबंधित कोई बीमारी भी इसकी वजह बन सकती है.समय पर पीरियड्स आते रहने के लिए कई तरीके हैं. सबसे पहले जरूरी है कि खानपान का ध्यान रखें. अपनी डाइट में फल, सब्जियां, और साबुत अनाज शामिल करें. ओमेगा–3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ जैसे कि मछली और अखरोट पीरियड्स को नियमित करने में मदद करते हैं.नियमित व्यायाम करने से आपके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है. रोज योग भी करें इससे मान. सिक तनाव नहीं होता है.किसी भी प्रकार का लक्षण दिखने पर नियमित जांच कराएं. इसको कराने से आपको अपने शरीर की स्थिति का पता चलता है. इससे समय रहते बीमारी का ट्रीटमेंट हो सकता है.


# एलोवेरा एक ऐसा इनग्रेडिएंट है जो मार्केट में किफायती दरों पर मिल जाता है तो वहीं घरों में भी फ्री में उपलब्ध है



एलोवेरा एक ऐसा इनग्रेडिएंट है जो मार्केट में किफायती दरों पर मिल जाता है तो वहीं घरों में भी फ्री में उपलब्ध है. ये सेहत से लेकर त्वचा तक के लिए बेहद फायदेमंद होता है. एलोवेरा जूस का सेवन करने से लेकर इसे गुम चोट, घावों पर लगाने से लेकर हेल्दी स्किन और बालों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है. एलोवेरा कई शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेट्स से भरपूर होता है. आयुर्वेद में एलोवेरा का इस्तेमाल कई दवाओं को बनाने में किया जाता है. आप भी इसका इस्तेमाल अलग–अलग तरीकों से कर सकते हैं. आज के इस आर्टिकल में जानेंगे एलोवेरा से जुड़ी ऐसी ही रेमेडीज के बारे में जो आपके बालों और त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिला सकती हैं.नेचुरल चीजों का इस्तेमाल आपकी सेहत से लेकर त्वचा, बालों तक के लिए ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. भले ही ऑर्गेनिक चीजें धीरे–धीरे असर करती हैं, लेकिन बेहतरीन रिजल्ट मिलता है और नुकसान होने की संभावना भी बहुत कम होती है, इसलिए दादी–नानी देसी नुस्खों का इस्तेमाल खूब किया करती थीं. जान लेते हैं त्वचा और बालों के लिए एलोवेरा की रेमेडीज.त्वचा में नेचुरल ग्लो तो हर कोई चाहता है. इसके लिए आप एलोवेरा को विटामिन ई के कैप्सूल के साथ मिलाकर चेहरे से गर्दन तक अप्लाई करें और 20 से 25 मिनट बाद फेस क्लीन कर लें. इस पैक को हफ्ते में दो से तीन बार यूज करने से कुछ ही दिनों में चेहरे के दाग–धब्बे, पिंपल्स कम होने लगते हैं और स्किन क्लियर हो जाती है. इससे स्किन में कसाव भी आता है.एलोवेरा में हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, जो त्वचा के साथ ही बालों को भी नमी प्रदान करते हैं. फायदे को बढ़ाने के लिए दही और अंडा के साथ एलोवेरा मिलाकर बालों में लगाना चाहिए. इस हेयर पैक को लगाने के बाद आपको पहली ही बार में बेहतरीन रिजल्ट मिलेगा.जिन लोगों की त्वचा में ड्राईनेस ज्यादा रहती है. उनके लिए भी एलोवेरा बेहतरीन इनग्रेडिएंट है. इसके लिए एलोवेरा जेल में शहद, गुलाबजल और दो से तीन बूंद नारियल का तेल मिलाकर अप्लाई करना चाहिए. इससे त्वचा मुलायम बनती है और ड्राईनेस कम होने लगती है. बालों के झड़ने की बहुत बड़ी वजह डैंड्रफ भी होता है. इससे छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा को दही और नींबू के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है. इसके अलावा एलोवेरा जेल में थोड़ा सा कोई भी जेंटल स्क्रब मिलाकर स्कैल्प पर मसाज करके बाल धो देना चाहिए. इससे भी डैंड्रफ कम होती है. हफ्ते में एक बार ऐसा करने से जल्दी ही डैंड्रफ से छुटकारा मिल जाता है.

# लो–कट ब्लाउज पहन नए जमाने की दुल्हन बनीं करीना, 4 साल बाद फैशन वीक में लौटते ही दिखाया पटौदी खानदान वाला रुतबा

करीना कपूर खान किसी भी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद से ही अपनी अलग पहचान बनाई, तो आज भी वह अपने सबसे यूनिक अंदाज के चलते फैंस की फेवरेट बनी हुई हैं। तभी तो पटौदी खानदान की बहुरानी जिस भी इवेंट का हिस्सा बनती हैं, अपने शाही ठाठ–बाट दिखाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं। वहीं, अब 4 साल बाद करीना ने लैक्मे फैशन वीक में वापसी की और छा गईं।दरअसल, सैफ अली खान की बेगम एकदम सज–संवरकर फैशन वीक के लिए पहुंचीं। जहां लो–कट ब्लाउज और फूलों से सजी साड़ी में उनका बेहद खूबसूरत लुक देखने को मिला, तो नए जमाने की दुल्हन की तरह सज–संव. रकर वह अपने शाही अंदाज से सबका दिल चुरा ले गईं। जिसे देख यकीनन आप भी उन पर अपना दिल हार जाएंगे। (फोटो साभाररू इंस्टाग्रफैशन वीक के लिए करीना इंडस्ट्री के बेस्ट डिजाइनरों में से एक मनीष मल्होत्रा की खूबसूरत कस्टम मेड आइवरी साड़ी पहनकर तैयार हुईं। जिसे



लेस के साथ ही वाइट पर्ल्स से सजाया गया है।तभी तो इसे पहनकर वह सही मायने में राजघराने की महारानी जैसी वाइब्स दे गईं। जिसमें उन्हें रिया कपूर ने बड़े ही उम्दा तरीके से स्टाइल भी किया। जहां करीना के देसी स्टाइल पर हर कोई फिदा हो गया करीना की साड़ी पर वाइट फ्लोरल पैटर्न बने हैं, जिन्हें पर्ल्स और थ्रेड एम्ब्रॉयडरी से बड़ी बारीकी से साथ डिजाइन किया। जिसके साथ वह विंटेज फ्रेंच लेस ब्लाउज पहने नजर आ रही हैं। जिसकी लो–कट नेकलाइन इसमें ग्लैम कोशेंट को बढ़ा रही है। वहीं, स्वारोवस्की और मोती की कढ़ाई से सजी साड़ी उनके रूप को निखार गईकरीना ने इस मॉर्डन ट्विस्ट वाली साड़ी के साथ दो दुपट्टों को स्टाइल किया है। जिन्हें उन्होंने दोनों शोल्डर पर ओपन करके कैरी किया। जहां एक को उन्होंने बैक साइड से ले जाकर अपनी कलाई पर बांध लिया, तो दूसरे को ऐसे ही ओपन रखा। जिन्होंने उनके लुक में रॉयल वाइब्स को एन्हांस कर दियाइस स्टनिंग साड़ी लुक और भी खूबसूरत बनाने के लिए इसके साथ करीना ने डायमंड जूलरी पेयर की। जहां उनका फ्लोरल पैटर्न वाला स्टेटमेंट चोकर सेट बेहद सुंदर लगा, तो मैचिंग स्टड ईयररिंग्स लुक को कॉम्प्लिमेंट कर गए। जिससे लुक में चमक ऐड हुई, तो आउटफिट भी परफेक्टली हाइलाइट हुई और कुछ ओवर द टॉप नहीं लगा।आखिर में हसीना ने अपने मेकअप का भी खास ध्यान रखा। न्यूड लिप्स, ब्लश्ड चीक्स, ब्राउनिश शिमरी न्यूड आईशैडो और मस्कारा के साथ उन्होंने सबकुछ सटल और स्मूथ रखा। वहीं, बालों को मिडिल पार्टीशन के साथ ओपन छोड़ दिया, जो उनके ओवरऑल लुक को फ्लॉलेस बनाने का काम कर गया।

# रोमांस के बिना पति–पत्नी का रिश्ता अधूरा



इस रिश्ते में प्यार और रोमांस ठीक उतना ही जरूरी है जितना खाने के लिए भोजन। ऐसे में ये 8 टिप्स आपकी जिंदगी मेंअपने साथी के साथ ड्राइव पर जाने का ख्याल ही कितना रोमांटिक है। इसलिए कभी–कभी लॉन्ग ड्राइव पर निकल जाएं। मूवी देखें या कहीं और घूमें। कोशिश ये करें कि सुबह की वॉक और शाम का डिनर भी साथ हो। इससे दोनों तरोताजा तो रहेंगे ही, आपका रिश्ता भी मजबूत होगा।प्यार को जवां रखने के लिए स्वअम ल्वन ये तीन जादुई शब्द बोलने से न कतराएं। जब भी मौका मिले अपने साथी से प्यार का इजहार करें। इससे आपकी बीच नजदीकियां और पनपेंगी।साथी को हग करना यानी जादू की झप्पी देना न भूलें। जब आप हग करते हैं तो इसके साथ आप इपने रिश्ते में प्यार की गर्माहट भरते हैं। बहुत अच्छा ये होगा कभी–कभार हग करने साथ कडलिंग भी करें।किस यानी चुंबन बहुत जरूरी है रिश्ते को हरा–भरा रखने के लिए। अपने साथी की आंखों में देखें और किस को मिस न करें।कभी–कभार उसको कुछ सरप्राइज दें। उसके लिए कुछ एक्सट्रा करें। जब भी उसके साथ हों तो उसको नजरअंदाज कतई न करें। पब्लिक में भी उसका हाथ थामे रखें। उपलब्धियां मिलने पर साथी की तारीफ करना न भूलें। आभार जताना सीखें और कभी को[illegible]त खराब लगें तो उसे माफ भी कर दें।